## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.08.2024 समय : 1845

<><><><><><><>

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।
- उप–राज्यपाल ने कहा कि मुख्यभूमि से दूरी और लॉजिस्टिक चुनौतियों के बावजूद द्वीप विकास प्राधिकरण की चवालीस में से पन्द्रह परियोजनाएं संचालित हो चुकी है।
- एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हुई है।
- उप–राज्यपाल ने कहा कि द्वीपों में पर्यटन को भी और विकसित किया जा रहा है।
- एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि लगभग बानवे हजार करोड़ रूपए से अधिक निवेश वाली अनेक दूरदर्शी परियोजनाएं द्वीपों को आर्थिक हब बनाएगा।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज अटहत्तरवे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर के

ऐतिहासिक नेताजी स्टेडियम में जन समूह को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि द्वीपों में कई महत्वकांक्षी और युगान्तरकारी परियोजनाएं चलाई जा रही है।

उप–राज्यपाल ने कहा कि मुख्यभूमि से दूरी और लॉजिस्टिक चुनौतियों के बावजूद द्वीप विकास प्राधिकरण की चवालीस में से पन्द्रह परियोजनाएं संचालित हो चुकी है।

एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हुई है। जल्द ही बारह यात्री क्षमता के हैलीकॉप्टर अपनी सेवाएं देना आरंभ कर देंगे। उड़ान योजना के क्रियान्वयन की दिशा में भी काफी प्रगति हुई है। इसके अलावा इस वर्ष नवम्बर में पोर्ट ब्लेयर से क्वालालामपुर के बीच पहली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा संचालित होगी।

उप–राज्यपाल ने कहा कि द्वीपों में पर्यटन को भी और विकसित किया जा रहा है।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना का ज़िक्र करते हुए एडमिरल डी. के जोशी ने कहा कि लगभग बानवे हजार करोड़ रूपए से अधिक निवेश वाली अनेक दूरदर्शी परियोजनाएं द्वीपों को आर्थिक हब बनाएगा और इंडो–पैसेफिक क्षेत्र में भारत का प्रभुत्व स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

इससे पहले उप–राज्यपाल ने परेड की सलामी ली और उत्कृष्ट तथा उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया। परेड में सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक और अंडमान निकोबार पुलिस की टुकड़ियों ने

भाग लिया। तटरक्षक के हैलीकॉप्टर द्वारा फ्लाईपास्ट किया गया। आज के समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल–बे के मिनी स्टेडियम में सहायक आयुक्त केशव नरेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण कर दस से अधिक विभागीय कर्मचारियों एवं पंचायत के सदस्यों को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार कमान के अटहत्तर तैराकों ने आज नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप से मरीना तट तक तैराकी अभियान में भाग लिया। समापन अवसर पर अंडमान निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन मुख्य अतिथि थे।

<><><><><><><>